आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:05 बजे

जीएसटी परिषद

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद ने स्टील, लोहा और एल्युमिनियम निर्मित दूध के डिब्बों पर एक समान 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में घोषणा की कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू होने जा रहा है। इससे सरकार को फर्जी चालान के जरिए किए गए फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही कई सुविधाओं को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति को एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करने का दायित्व सौंपा गया है। समिति मौजूदा प्रक्रिया का मूल्यांकन करेगी और वर्तमान शिकायत निवारण तंत्र का आकलन करेगी। समिति से दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। समिति के गठन के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि छात्रों का हित और उज्ज्वल भविष्य हमेशा सरकार की उच्च प्राथमिकता रहेगी।

शिक्षा मंत्रालय––2

इस बीच शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

इधर आज होने वाली नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित कदाचार के हाल के आरोपों के बाद लिया गया है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि योग शारीरिक कसरत से कहीं ज्यादा एक गहन दर्शन है, जो मानव अस्तित्व की संपूर्णता को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि हमारी दिनचर्या के अभिन्न अंग बनने पर ही योग का पूर्ण लाभ लिया जा सकता है। शिमला के गेयटी थियेटर में देव भूमि सेवा संस्थान आश्रम शिमला द्वारा ''योग एक सम्पूर्ण मानव दर्शन एवं योगचर्या।'' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में कल उन्होंने यह बात कही। राज्यपाल ने कहा कि आज पूरा विश्व हमारे देश की इस योग परम्परा को अपना रहा है। इसका उद्देश्य सामंजस्य पूर्ण संतुलन

और आंतरिक शांति की स्थिति को प्राप्त करना है। राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन भारत में शुरू हुआ योग एक समग्र अभ्यास है जो शरीर, मन और आत्मा को एकाग्र करता है।

उप–चुनाव

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए कुल 19 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है। राज्य निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि देहरा विधानसभा उप–चुनाव के लिए 7, हमीरपुर में 4, जबकि नालागढ़ में 8 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं। कल 24 जून को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 25 व 26 जून को इच्छूक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकते है। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए है। प्रदेश में हो रही प्री–मॉनसून बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में अभी भी लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक गरज के साथ वर्षा होने का अनुमान है, वहीं 28 जून तक प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना जताई गइ है।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से..............

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी हैं। अमर उजाला का शीर्षक है–पुल की मरम्मत के चलते शिमला नहीं पहुंची ट्रेनें–आठ रद्द, दो दिन और रहेगी परेशानी। दैनिक जागरण लिखता है–कालका–शिमला ट्रैक पर पुल की प्लेट ढीली, रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–समरहिल में बने रेलवे पुल के पास बना गड्ढा, शिमला तक ट्रेनें बंद, बुकिंग रद्द।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए मांगे तीन हजार पांच सौ करोड़ रुपये। पंजाब केसरी की सुर्खी है–हिमाचल को केंद्र जारी करे विशेष पैकेज, केंद्रीय योजनाओं में हिस्सेदारी भी बढ़े।

दैनिक सेवरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–देवभूमि में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में माफियाओं के हौसले बुलंद।

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमकेयर पर बड़ा फैसला लेगी– सरकार।

मौसम पर दैनिक जागरण लिखता है–वर्षा व हिमपात से पर्यटन कारोबार गर्म। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–कुल्लू–सोलन पहुंचे शिमला से ज्यादा सैलानी। आपका फैसला के मुताबिक–शिमला में बूंदाबांदी, प्रदेश के कई

भागों में 6 दिनों तक मौसम खराब। जबकि दैनिक भास्कर की सुर्खी है–चार जिलों में बारिश से पारा लुढ़का, बाकी जगह गर्मी ने छुड़ाए पसीने, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 26 तक बारिश संभव।

———————————————